शेखावत की उपस्थिति उत्साहजनक रही

माई झुं.न्यूज। अश्वमेध यज्ञ में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत की उपस्थिति आयोजकों के साथ-साथ यज्ञ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के उत्साह को दोगुना कर गई। दोपहर बाद करीब दो बजे जैसे ही पूर्व उपराष्ट्रपति का काफिला यज्ञ स्थल पहुंचा तो यज्ञ स्थल के मुख्य द्वार से मंच तक पहुंचते-पहुंचते शेखावत को फूल मालाओं से लाद दिया गया। कमोबेश ऐसे ही स्थिति यज्ञ स्थल से वापस लौटते समय रही। शेखावत यहां से सीधे भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश आबूसरिया के घर पहुंचे। यहां पहले से ही मौजूद बगड़ नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष विक्रमसिंह, भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष सुभाष पूनिया, एडवोकेट सतीश कुलहरि, हरीश तुलस्यान, ओमप्रकाश आबूसरिया व उनके परिवार की महिलाओं तथा वीरेन्द्र शाह ने शेखावत का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान अजा अजा आयोग के अध्यक्ष सुंदरलाल, पूर्व विधायक डा. मूलसिंह शेखावत, उप जिला प्रमुख विजयपाल धनखड़, पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश टीबड़ा, भाजपा जिला महामंत्री विश्वम्भर पूनिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय तिवाड़ी, महामंत्री अशोक शर्मा, राजेन्द्र जखोड़िया, नरहड़ सरपंच सुभाष स्वामी, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रसिंह छावसरी, सहित काफी जिले के कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे। यहां से शेखावत का काफिला सूरजगढ़ के लिए रवाना हो गया। शेखावत के साथ उनका दोहिता विक्रमादित्य भी था।शेखावत का जिले में कई स्थानों पर स्वागत किया गया। झुंझुनूं में रेलवे स्टेशन के पास भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रसिंह छावसरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश टीबड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय तिवाड़ी, भाजपा जिला महामंत्री रतनसिंह तंवर, पार्षद मनोहरलाल, पार्षद मातुराम, गौतम पुजारी, सम्पतसिंह, बालूसिंह, शैतानसिंह, भंवरपालसिंह, अशोक नाडिया, सहित काफी लोगों ने रेलवे स्टेशन पर शेखावत का स्वागत किया।

श्री वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष राणासरिया बने

माई झु.न्यूज। वस्त्र व्यापार संघ की वार्षिक साधारण सभा गुरूवार सायंकाल गाडिया तरूण हॉल मोदी रोड़ झुंझुनूं में सम्पन्न हुई। सभा में नई कार्यकारिणी के चुनाव सर्वसम्मति से तय हुए जिनमें अध्यक्ष पद पर मनोहरलाल राणासरिया, सचिव पवन कुमार गाडिया, सह सचिव संजय राणासरिया एवं विनोद टीबड़ा तथा कोषाध्यक्ष परमेश्वरलाल तुलस्यान चुने गये। इसी प्रकार उपाध्यक्ष केशरदेव खेतान एवं उस्मान गनी को बनाने के साथ कार्यकारिणी सदस्यों में नरोत्तमलाल जालान, विनोद सिंघानिया, अब्दुल मजीद, हासमअली, रामाकान्त बथवाल, मातेश टीबड़ा, परमेश्वरलाल जालान, सलीम, शिवकुमार जालान, नरेश गाडिया, नरेश ढण्डारिया, अनिल केडिया, सुभाष क्यामसरिया एवं कजोड़ मित्तल को लिया गया। सभा के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया।

वैश्य सम्मेलन ने बांटे कम्बल

माई झु.न्यूज। बढती सर्दी के आगोश को देखते हुए गरीबों को बचाने के लिए जिला वैश्य महासम्मेलन द्वारा मंगलवार को जिला कार्यलय मान नगर में ऊनी कम्बलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष रामचन्द्र तुलस्यान ने कहा कि गरीब व असहाय लोगों की मदद करने में जो पुण्य मिलता है वह किसी और काम में नहीं है। मुख्य रूप से शिक्षा विद टेकचन्द शर्मा ने सभी उपस्थित लोगों से कहा सभी अपनी जरूरत के मुताबिक गरीबों की सहायता करें। पर विश्वनाथ टीबड़ा, सुरेन्द्र अग्रवाल विशिष्ट पत्रकार श्याम सुन्दर पोद्दार, नरोत्तम जालान, कृष्ण कुमार रिगसिया, गोपाल कृष्ण गुप्ता, रमेश तीलासरिया, मातेश टीबड़ा, नरेश परसरापुरिया, महेश सिंघल सहित सम्मेलन के गणमान्य जन उपस्थित थे। अंत में महामंत्री श्रीकान्त पोद्दार ने सभी आगन्तुक बन्धुओं का आभार व्यक्त किया।

अग्रवाल परिचय सम्मेलन के संयोजक पोद्दार बने

माई झु. न्यूज। महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित अग्रसेन भवन झुंझुनूं में अग्रवाल युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन की बैठक रविवार को हुई। सम्मेलन का भविष्य निर्धारित करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता तारा चन्द गुप्ता ने की। इस अवसर पर श्यामसुन्दर पोद्दार को सर्वसम्मति से सम्मेलन के संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई।

गुप्ता ने बताया कि 12 साल से चल रहे मासिक परिचय सम्मेलन का जिम्मा दुर्गाप्रसाद गोयनका के कंधों पर था। उनके स्वर्गवास के बाद सम्मेलन का क्रम अनवरत रखने के लिए नए सिरे से जिम्मेदारियां तय की गई। इस अवसर पर अग्र बन्धुओं ने सम्मेलन में आने वाले बायाडोटा वैबसाईट पर डालने, विधानसभावार सम्मेलन आयोजित करने आदि सुझाव दिया। सम्मेलन में विश्वनाथ टीबड़ा, रामचन्द्र तुलस्यान, प्रदीप पाटोदिया, विनोद सिंघानिया, शिवकुमार टीबड़ा, ओमप्रकाश टीबड़ा, प्रो. केएम मोदी, रामप्रसाद केडिया, वीरेन्द्र शाह, प्रहलाद मित्तल, आनन्द टीबड़ा, अशोक मोदी आदि उपस्थित थे। समापन से पूर्व स्व. गोयनका को श्रद्धांजलि दी गई।

अकीदत से याद किया, ताजिए निकाले

माई झुं.न्यूज। इमाम हसन, हुसैन व उनके साथियों की शहादत ने हक की आवाज को और बुलन्द किया था। हक के लिए जान की कुरबानी देने वाले कभी मरा नहीं करते। वे तो शहीद होते हैं। कुछ इसी तरह के जज्बात के साथ रविवार को करबला के मैदान में हक व इन्साफ की लड़ाई के लिए शहादत देने वाले पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद के प्यारे नवासे इमामे हसन हुसैन व उनके साथियों को अकीदत से याद किया गया।

इस मौके पर जिले भर में ताजिए निकाले गए। अकीदतमंदों ने यौमे आशूरा के मौके पर रोजा रखा तथा उनके मगफिरत की दुआ मांगी। शहर के मोहल्ला पीरजादान, बटवालान, कुरैशियान, चेजारान, धोबियान, लीलगरान, इलाहियान, चौपदारान, काजियान सहित अन्य कई ताजिए इमामबाड़ों से निकाले गए। जगह-जगह इमामे हसन हुसैन की याद में छबीलें लगाई गई। अखाड़े भी लगे, जिसमें युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में डांड पट्टे, लाठी व अन्य कलाओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान जगह-जगह मर्सिया पढ़ा गया।

ट्यूबवेल का शिलान्यास संतोष अहलावत द्वारा

माई झुं.न्यूज। राज्य सरकार द्वारा ग्राम चैलासी के लिए स्वीकृत ट्यूबवेल का रविवार को शिलान्यास मुख्य अतिथि बीसूका जिला उपाध्यक्ष श्रीमती संतोष अहलावत ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम शर्मा ने की। कृषि उपज मंडी समिति के चेयरमैन शुभकरण चौधरी विशिष्ट अतिथि थे। इस मौके पर ग्रामीणों ने अहलावत का चुनरी ओढ़ाकर एवं चौधरी का साफा पहनाकर अभिनंदन भी किया। इस मौके पर फूलचंद, रामनाथ महण, कन्हैयालाल, मोती खां, बीरबल गोदारा, बसंत कंवर, अलीमुदीन, नियाज मोहम्मद, सागरमल, भंवरू खां, व अशोक कड़वासरा सहित काफी लोग उपस्थित थे।

पूनम वरीयता सूची में प्रथम स्थान पर

माई झुं. न्यूज। न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय झुंझुनूं की छात्रा पूनम ने राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित बीएससी परीक्षा-2007 की विश्वविद्यालय वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। पूनम ने इस परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कर महाविद्यालय तथा झुंझुनूं जिले का नाम रोशन किया है।

खुशी के इस घड़ी पर शुक्रवार को महाविद्यालय में जश्न का माहौल रहा। संस्था निदेशक इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि महाविद्यालय ने लगातार उच्च कोटि के परीक्षा परिणाम दिए जाने की परम्परा को बनाए रखा है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्रीमती विनोद ढूकिया, राकेश राव, चंद्रकांत शर्मा, शंकरलाल सैनी सहित व्याख्याता उपस्थित थे। प्रबंध निदेशक ने छात्रा पूनम की इस सफलता पर इक्यावन सौ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की।

1008 कुंडीय अश्वमेध यज्ञ सम्पन्न

माई झुं.न्यूज। विश्व शांति एवं कल्याण की भावना से शेखावाटी में हो रहे धार्मिक आयोजन अश्वमेघ यज्ञ का आगाज शनिवार को विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा मं प्रस्तावित 11 हजार कलशों से कहीं अधिक कलश उठाये गये जो कि कलेक्ट्रेट के नेहरू पार्क से एक नम्बर रोड़ होते हुए यज्ञ स्थल तक सम्पन्न हुए। रविवार सुबह सवा नो बजे धर्मध्वजारोहण अश्वमेघ यज्ञ के मुख्य यजमान विख्यात कानूनविद कृष्णकुमार सिंघानिया ने किया। इस अवसर पर गायत्री जन कल्याण केन्द्र पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष दयानन्द चौधरी, मंत्री पशुपतिनाथ मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुरेशचन्द्र अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष किशनलाल गोयल, ट्रस्टी बीएम नांगलिया, महामंडलेश्वर श्री चक्रमहामेरू पीठाधीश्वर दंडीस्वामी सच्चिनानंद महाराज सहित काफी संख्या में प्रवासी श्रद्धालु उपस्थित थे। गायत्री तपोवन से आयी संतों की टोली ने मंत्रोच्चारण के साथ देवपूजन का कार्यक्रम आरम्भ किया। सर्वप्रथम पूज्य गुरूदेव पंडित श्रीराम शर्मा, आचार्य माता भगवती, गायत्री माता यज्ञ भगवान के चित्रों के समक्ष पूजा अर्चना की। अखंड ज्योति दीपक का पूजन भी किया। इसके बाद संतों के साथ यज्ञ वेदियों पर बैठे हुए सभी यजमानों ने मंत्रोच्चारण के साथ सभी 33 करोड़ देवी देवताओं का आव्हान किया। बाद में हवन कंडों में यज्ञाग्नि प्रज्ज्वलित कर आहुतियां दी गयी। इस अवसर पर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति लोकेश शेखावत, यज्ञ संयोजक करणसिंह राठौड़, डॉ. एल एन असोप्पा, बजरंगलाल अग्रवाल,

श्यामसुन्दर वशिष्ठ, महेश बसावतिया, विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विजय भारती, सम्पत चुड़ेलेवाला सहित जिले व बाहर से आए श्रद्धालु उपस्थित थे। यज्ञ के तहत रविवार शाम छह बजे से गुरूदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की जीवनकथा पर आधारित रामकथा का संगीतमय वाचन गायत्री तपोवन के संस्थापक बलरामसिंह परिहार ने किया।

अश्वमेध यज्ञ के दूसरे दिन रविवार को पांच हजार यजमानों ने एक हजार आठ वेदियों पर बैठकर वैदिक मंत्रोचारणों के साथ अग्नि प्रज्वलित कर की। गायत्री जन कल्याण केंद्र पश्चिम बंगाल की ओर से हो रहे यज्ञ में मंच पर बिराजे संतों के वैदिक मंत्रोचारण व गायत्री मंत्र के जाप के साथ पवित्र वेदियों में अग्नि प्रज्वलित की गई। यज्ञ में जिले एवं आसपास के गांव व ढाणियों से आए करीब पांच हजार महिला-पुरूषों ने यजमान बनकर आहुतियां दी। ओमकार से गूंज उठा पाण्डाल यज्ञशाला के विशाल मंच पर बिराजे विभिन्न राज्यों के सन्तों ने महामृत्युंजय जाप, गायत्री मंत्र के साथ ओमकार के उद्घोष लगाए।

कृष्णकुमार सिंघानिया

मुख्य यजमानों ने उतारी आरती अश्मेध यज्ञ में रविवार को प्रमुख हस्तियों ने यज्ञ महाआरती में भाग लिया। इनमें जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति डा. लोकेश शेखावत, पुणे विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा.डीवाई पाटील, कर्नाटक हाईकोर्ट के जज के श्रीधरराव, बार एसोसिएशन दिल्ली के अध्यक्ष प्रमोद नागर, बैंगलोर के कन्सलटेंट बद्रीनाथ, दिल्ली हाईकोर्ट के वकील राजेश्वर राव एवं उद्योगपति केके सिंघानियां प्रमुख रूप से यजमान बने।

मंच पर हरिद्वार तपोवन के बलराम परिहार के निर्देशन में बिराजे 15 मनीषियों के वैदिक मंत्रों के साथ अग्नि प्रज्वलित की गई। समस्त वेदियों में एक साथ अग्नि प्रवाहित करने के बाद पंचतत्व, पंचदेव, पंचओंकार, सोरस मतिृका व नवग्रह पूजन कर आहुतियां दी गई।

अश्वमेध यज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को हजारों यमजानों ने यज्ञ वेदियों में ढाई लाख आहुतियां दी। सुबह नौ बजे वेदियों पर बिराजे यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच आहुतियां दे यज्ञ भगवान को नमन किया।

यजमानों के वेदियों पर बैठने का क्रम दिनों दिन बढ़ रहा है। दो पारी में हुई आहुति में एक कुंड पर तीन जोड़ों ने बैठकर ढाई लाख आहुतियां दी। यज्ञ संविदा के प्रज्वलन से उठे धुएं से वातावरण में मधुरता का समावेश हुआ। वहीं विभिन्न स्कूल कालेज के स्काउटरों ने आगंतुकों व यजमानों को यज्ञाहुति में बढ़चढ कर सहयोग दिया। कई बुजुर्ग महिलाएं भी उत्साह के साथ यज्ञ में भाग ले रही हैं। सुबह नौ बजे विधानसभाध्यक्ष सुमित्रासिंह जोड़े के साथ यजमान बनीं तथा वेदी पर बैठ यज्ञाहुति दी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के डीजीपी सर्वेश चंद्रा, उद्योगपति प्रदीप तोदी, महामण्डलेश्वर बालकानन्द गिरी, स्वामी सच्चिदानन्द, बिल्डवान महाराज सहित दर्जनों प्रमुख लोग यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए तथा महाआरती में भाग लिया।

संगीतमय रामकथा में झूमे श्रद्धालु यज्ञ में आहुति देने के बाद शाम साढ़े चार बजे रामकथा का प्रवचन हुआ। इसमें हजारों की संख्या में महिला-पुरूषों ने भाग लिया। तपोवन हरिद्वार के बलरामसिंह परिहार ने प्रवचनों में भगवान राम के जन्म तथा वात्सल्य जीवन का संगीतमय वर्णन किया। गायत्री जन कल्याण केंद्र की ओर से यज्ञ में यजमानों को आहुति देने के लिए पंचपात्र उपलबध कराए गए हैं। इनमें 1100 थाली इतने ही कटोरी, साढ़े पांच हजार काष्ठ पात्र, चम्मच, गिलास व कटोरा शामिल है। जिनकी यज्ञ समाप्ति पर सेवाभावी महिलाओं द्वारा मिट्टी से सफाई भी की जाती है।

1008 कुंडीय अश्वमेध यज्ञ में चौथे दिन मंगलवार को धर्मावलंबियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यज्ञशाला में करीब पांच हजार से भी अधिक यजमानों ने पवित्र वेदियों पर तीन लाख आहुतियां दी। शाम को यज्ञ समिति की ओर से भारतमाता एवं विशालकाय ओम की मिट्टी से कलात्मक संरचना की करवाई गई, जिसे कलाकार प्रहलाद बरसिंहपुरा ने विशेष रूप से सजाया गया। शाम को मंगलदीपों के माध्यम से इसे प्रकाशवान किया गया। समिति के मंत्री कोलकाता के पशुपति नाथ मिश्रा व संयोजक करणसिंह राठौड ने धर्मप्रेमियों से यज्ञ में निशुल्क दी जा रही आहुतियों में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि सर्वधर्म समभाव की भावना से ओत-प्रोत इस यज्ञ में कोई भी भाग ले सकता है। अश्वमेध यज्ञ के दौरान ज्वारियों पर स्थापित किए गए मंगल कलशों को घर ले जाने की घोषणा जैसे ही मंच से हुई वेदियों पर बैठे यजमानों में मनपसंद कलशों लेने के लिए होड़ लग गई। कईयों ने ज्वारियों के साथ कलशों को सिर पर धारण किया और घर पर स्थापना के लिए ले गए।

पंडितों ने हिदायत दी कि कलश में प्रतिदिन अनाज आदि रखें तथा इसे भरने पर पुनीत कार्य में लगाएं। अश्वमेध यज्ञ के व्यवस्था प्रभारी अशोक सिंह बड़ागांव ने यज्ञ में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रुप से सहयोग देने वालों का आभार जताया। उन्होंने कुंड निर्माण करने वाले मदनलाल सैनी व बद्रीप्रसाद कुमावत, पेंटिंग एवं साज-सज्जा में प्रहलाद बरसिंहपुरा, सुरेश खंडेला, नगरपालिका अध्यक्ष भारती टीबड़ा, पुलिस प्रशासन, सीएमएचओ, स्काउट गाइड के सीओ मान महेन्द्रसिंह भाटी, ब्राह्मण महासभा, मारवाड़ी युवा मंच, लायंस, विश्व हिन्दू परिषद, शंकर साउंड श्रीमाधोपुर, नीलम टेंट हाउस, निशुल्क जल सेवा करने पर ओमप्रकाश आबूसरिया सहित समस्त कार्यकर्ताओं यज्ञ समिति के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, संतों महात्माओं एवं प्रवासियों का आभार जताया।

इसके अलावा में यज्ञ को सफल बनाने में विशेष भागीदारी करने वाली महिलाओं सुमन कंवर, वल्लभ कंवर, रुकमण कंवर, कौशल्या, कौशल्या राठौड़, राजबाईसा, सुमित्रा, ओमकंवर के प्रति भी आभार जताया गया।

माथुर को राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर खुशियां मनाई

माई झुं.न्यूज। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व गुजरात प्रभारी ओमप्रकाश माथुर को राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर बुधवार को चिड़ावा में कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाई। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा के नेतृत्व में भाजयुमो के नगर अध्यक्ष महेन्द्र मोदी, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल जांगिड़, पवन बजाज, राजेन्द्र जांगिड़ आदि कार्यकर्ताओं ने पुरानी तहसील रोड़, कबूतरखाना बस स्टेण्ड, पिलानी रोड़ आदि स्थानों पर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी।

स्वतंत्रता सेनानी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

माई झुं.न्यूज। स्वतंत्रता सेनानी महावीरप्रसाद शर्मा बुहाना का गुरूवार को पचेरीकलां में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्हें राजस्थान पुलिस के जवानों ने अंतिम सलामी दी। उनके अंतिम संस्कार में गांव की महिलाओं ने भी भाग लिया।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग अध्यक्ष सुन्दरलाल, उपखण्ड अधिकारी दाताराम, वृताधिकारी राकेश कछवाल, तहसीलदार इन्द्रसिंह जाट, थानाप्रभारी हनुमानसिंह शेखावत, महेन्द्रसिंह, औमप्रेकाश ठेकेदार, भाजपा के जिला महामंत्री रतनसिंह तंवर, सरपंच विक्रमसिंह, सेवानिवृत कृषि अधिकारी ओमप्रकाश बलवदा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुन्दरलाल, रामोतार शर्मा, मनोहरलाल शर्मा, औमप्रकाश, हरिप्रसाद शर्मा, त्रिपुरारी शर्मा, मनमोहन, राकेश शर्मा सहित अनेक लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके ज्येष्ठ पुत्र पवन शर्मा ने उन्हें मुखाग्नि दी।

पाबूजी धाम में समाजवाद का सच्चा स्वरूप-सुमित्रा सिंह

झुंझुनू, 19 जनवरी। पाबूजी महाराज के माखर पंचायत स्थित कुआ धाम बगड़ में शनिवार को जिले के विभिन्न हिस्सों से बुलाये गये तीन सौ जरूरतमंद व्यक्तियों को एक-एक कम्बल, एक-एक किलो देशी घी तथा वस्त्रों का वितरण किया गया। इन जरूरतमंदों में महिलाएं, विकलांग व नेत्रहीन व्यक्ति भी शामिल थे।

इस अवसर पर विधानसभाध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा सिंह ने कहा कि इस पवित्र धाम में समाज के सक्षम लोगों से प्राप्त होने वाला धन सामग्री के रूप में जरूरतमंदों को वितरित किया जाता है जो वास्तव में बहुत ही पुण्य का कार्य है। कुआ धाम के महन्त महाराज मल सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि वे बिना किसी जात-पांत का भेदभाव किये ये सेवा प्रकल्प चला रहे है और रोगोपचार एवं सेवा कार्यों से समाज को लाभान्वित कर रहे समारोह में उप जिला प्रमुख विजयपाल धनकड़, पूर्व सरपंच मदनलाल गुप्ता, चिड़ावा की प्रधान श्रीमती इंदिरा डूडी, बगड़ के पार्षद प्रदीप शर्मा, भूकाना के सरपंच किशन लाल डूडी, पीरामल शिक्षण संस्थान के सचिव रघुवीर प्रसाद पुरोहित आदि ने भी विचार व्यक्त किये। मंच संचालन महेन्द्र शास्त्री ने किया। समारोह में तहसीलदार नारायण लाल रेवाड़, पंचायत समिति सदस्य ख्यालीराम, दिल्ली के अशोक अग्रवाल, कुआ धाम के रघुवीर सिंह शेखावत, हरि सिंह शेखावत तथा अन्य कार्यकर्ताओं सहित दिल्ली, हरियाणा व जिले के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में आये स्त्री-पुरूष उपस्थित थे।

श्री श्रीकान्त जी बाल व्यास आश्रम गुढ़ा गौड़जी में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर सम्पन्न

माई झुं. न्यूज। श्रीराम मंदिर गुढ़ा गौड़जी में श्री संतोषकुमार झुंझुनूंवाला चैरिटेबल ट्रस्ट के आर्थिक सहयोग से श्री महाराजा अग्रसेन शिक्षा एवं जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा चौथा विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंश प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इसके उद्घाटन समारोह में नन्दकिशोर जी गोयनका अग्रोहा धाम वाले मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता थे तथा अध्यक्ष नवरंगलाल जी टीबड़ेवाला पूर्व राज्यपाल व विशिष्ट अतिथि श्याम सुन्दर सौन्थलिया विनोदकुमार अग्रवाल, मुम्बई श्रीकान्त मुरारका मंत्री अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन व डॉ. अंशु सहाय नेत्र विशेषज्ञ थे। दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इसके बाद उपस्थित गुढ़ा के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा श्रीकान्त मुरारका, डॉ. अंशु सहाय ने सभी को शिविर के बारे में बताया तथा नवरंगलाल टिबड़ेवाला व गोयनका ने सभी को नेत्र ज्योति के दिये जाने जैसे कार्यों को महत्त्वपूर्ण बताया। उपस्थित अतिथियों को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन राधेश्याम भारती पत्रकार खेतड़ीवालों ने किया। समारोह में संतोषकुमार झुंझुनूंवाला व श्रीमती सीतादेवी झुंझुनूंवाला के अलावा झुंझुनूं से ताराचन्द गुप्ता, सुनील मोदी सपत्नी पधारे थे। शिविर संयोजक गीलुराम मोदी ने बताया कि शिविर में कुल 487 रोगियों का पंजीकरण किया गया और कुल 119 रोगियों को ऑपरेशन के लिये भर्ती कर उनकी आवश्यक जांच कर उनमें 114 आईओएल व 3 केवल मोतिया व दो अन्य ऑपरेशन किये गये। पहले दिन सभी रोगियों की खानो की व्यवस्था की गई तथा सभी की आंखों की जांच कर उनको दवाई दी गई। ऑपरेशन वाले रोगियों की रहने की खाने की तथा ऑपरेशन आदि की व्यवस्थाए नि:शुल्क थी तथा उन्हें काला चश्मा व उपहार स्वरूप एक एक गर्म कम्बल भी दिया गया। कैम्प में झुंझुनूं से सुभाष सारण व उनके साथी तथा भंवरसिंह व नाहर सिंह आदि स्काउटर तथा लगभग 12 स्काउटों के कई गुढ़ा गौड़जी के नागरिकगण जिनमें सांवरमल शर्मा, बनवारीलाल शर्मा, माधोप्रसाद , ललीत कुमार आदि ने भरपूर सहयोग दिया।